carerhelp

www.carerhelp.com.au

Hindi | हिन्दी

# ऐसे प्रश्न, जिन्हें आप अपने डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से पूछने के इच्छुक हो सकते/सकती हैं

यदि आप किसी अत्यधिक बीमार व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, तो आपके मन में इस बारे में सवाल हो सकते हैं कि उनकी देखभाल कैसे की जाए। नीचे कुछ सामान्य मुद्दे दिए गए हैं, जो किसी अत्यधिक बीमार (बहुत आगे चले गए रोग से ग्रस्त) व्यक्ति की देखभाल करते समय परिवारों के लिए पैदा हो सकते हैं।

आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, उनके डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी के साथ बात करते समय आप इन प्रश्नों का उपयोग कर सकते/सकती हैं।

## आप जिस व्यक्ति की देखभाल कर रहे/रही हैं, उनसे संबंधित प्रश्न

- उनके शरीर में कौन से लक्षण पैदा होने की संभावना है? ये कैसे दिखाई देते हैं?
- उन्हें किस तरह की देखभाल की आवश्यकता होगी?
- क्या उनकी देखभाल में कोई परिवर्तन करने होंगे, जिनके बारे में मुझे पता होना चाहिए?
- क्या अभी भी पैलिएटिव केयर (प्रशामक देखभाल) एक विकल्प है?
- मैं उन्हें अच्छी तरह से जीने में कैसे सहायता दे सकता/सकती हूँ?
- क्या कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात है, जिसके बारे में मुझे उनके साथ बात करने की आवश्यकता है?

## देखभाल कहाँ प्रदान की जाए, इसके बारे में प्रश्न

- इस बारे में सोचें कि बीमार व्यक्ति की देखभाल कहाँ की जानी चाहिए और यह भी पूछें कि उस व्यक्ति की देखभाल करने के लिए कौन से स्थान अच्छे विकल्प हो सकते हैं (अस्पताल में, घर पर, वृद्ध देखभाल सुविधा में या कहीं और?)
- उनकी देखभाल करने के लिए मुझे किस प्रकार के उपकरणों की आवश्यकता होगी?
- देखभाल करने में मेरी सहायता कौन कर सकता है?
- यदि मैं प्रबंधन करने में असमर्थ रहता/रहती हूँ, तो देखभाल के लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

ST VINCENT'S HOSPITAL MELBOURNE | Flinders University | Carers Australia

CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care

# ऐसे प्रश्न, जिन्हें आप अपने डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से पूछने के इच्छुक हो सकते/सकती हैं

carerhelp

## किसे कॉल करना चाहिए, इसके बारे में प्रश्न

- अगर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, तो मुझे किसके साथ बात करनी चाहिए?
- यदि मुझे कार्यकाल के बाद या सप्ताहाँत में सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो मुझे किसे कॉल करना चाहिए?
- मैं आपातकाल में किसे कॉल कर सकता/सकती हूँ?

## अपने स्वयं के कल्याण के बारे में प्रश्न

- विशिष्ट लक्षणों का प्रबंधन कैसे करें
- आप जिनकी देखभाल कर रहे/रही हैं, उनके लिए आवश्यक दवाइयाँ, आहार, या अन्य चीजें
- आपके रिश्ते, नौकरी, पारिवारिक मुद्दों, या पैसों के बारे में व्यक्तिगत चिंताएँ
- भविष्य के लिए यात्रा योजनाएँ या अन्य योजनाएँ (और क्या ये अभी भी संभव हो सकती हैं)
- आप कोई भी अतिरिक्त प्रश्न नीचे लिख सकते/सकती हैं।

इस सूची को अपने अगले एपॉइंटमेंट में ले जाना सुनिश्चित करें। इससे आपको उन बातों को याद रखने में सहायता मिलेगी, जो आप पूछना चाहते/चाहती हैं।



CarerHelp is funded by the Australian Government Department of Health and Aged Care